जल्द तैयार होगा एयरपोर्ट पर दोगुनी क्षमता का कार्गो

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (अमौसी एयरपोर्ट) पर दोगुनी क्षमता का कार्गो जल्द तैयार हो जाने की उम्मीद है। इसके बन जाने से लखनऊ की व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। एयरपोर्ट पर टर्मिनल-वन की जगह पर कार्गो को तैयार किया जा रहा है। विस्तार के बाद कार्गो हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाकर 0.25 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष करने का प्रस्ताव है। कार्गो कॉम्प्लेक्स कुल 23.14 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। एयरसाइड क्षेत्र में कार्गो के लिए 5.87 हेक्टेअर भूमि निर्धारित की गई है। एयरपोर्ट से वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 22 हजार से ज्यादा मीट्रिक टन कार्गो (माल ढुलाई) का संचालन किया गया है। अगले कुछ सालों में इसकी वार्षिक क्षमता को 50,000 मीट्रिक टन और दीर्घकालिक मास्टर प्लान में 2.5 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाने का लक्ष्य है। यहां के इंपोर्ट कोल्ड जोन में एक बार में 860 मीट्रिक टन तक संवेदनशील व खराब होने वाले सामान जैसे दवाइयां व कृषि उत्पाद को संग्रहीत करने की क्षमता है।

तेजी से चल रहा कार्य, लखनऊ के व्यापारिक कार्यों को मिलेगी गति